## एक नजर

### एसपी से लगाई गुहार, तब लिखी गई एफआईआर

**पूरनपुर।** घर में घुसकर किशोरी से दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने कई दिन तक टालमटोल करती रही। फिर एसपी के आदेश पर तीन आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। कोतवाली में दर्ज की गई रिपोर्ट में एक महिला ने बताया कि 15 मार्च को उसकी नाबालिग पुत्री घर में थी। परिजन गांव में एक दावत में गए हुए थे। इस बीच उनके घर में गांव का एक युवक घुस गया। उसने उनकी बेटी को अकेला पाकर पकड़ लिया और दुष्कर्म किया। परिजनों के दावत से लौटने पर बेटी ने घटना के बारे में बताया। कुछ देर बाद आरोपी के परिवार वाले आए और हमलाकर धमकाया। पुलिस ने आरोपी मोनू, महेश और विनोद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### किशोरी को ले जाने के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**बीसलपुर।** एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 31 मार्च की शाम साढ़े पांच बजे उनकी नाबालिग पुत्री को नगर का एक युवक बहला फुसलाकर ले गया। किशोरी घर पर रखे जेवर और 30 हजार रुपये भी ले गई। परिजनों को घटना की जानकारी तब हुई जब किशोरी की तलाश शुरू की। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### पति समेत चार के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज

**बीसलपुर।** विवाहिता से मारपीट के आरोप में पुलिस ने पति समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली में दी गई तहरीर में ग्राम राजूपुर कुंडरी निवासी अल्पि पत्नी अनिल कुमार ने बताया कि एक अप्रैल को उसका ससुराल में मामूली विवाद हो गया था। इस पर पति, जेठ अरुण कुमार, सास मैना देवी, ससुर हीरालाल ने मारपीट की। घर से निकालने की धमकी दी गई। कोतवाल अशोक पाल ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच करा रहे हैं।

### तीन दिवसीय चैती मेला सात से शुरू होगा

**दियोरियाकलां।** प्रसिद्ध शक्तिपीठ इलाबास देवल पर तीन दिवसीय चैती मेले का आयोजन किया जाएगा। महंत कृष्णा नंद गिरि ने बताया कि मेला सात अप्रैल से नौ अप्रैल तक रहेगा। पहले मेला सिर्फ एक दिन होता था। इस बार तीन दिन के लिए अनुमति मिल गई है। दूर दराज से श्रद्धालु शामिल होंगे। नवरात्र के पावन पर्व पर मां भगवती के दर्शन कर पूजा अर्चना होगी। मेले करे लेकर तैयारी चल रही है।

# सरकारी रेट 2275 रुपये, आढ़तों पर 2300 में बिक रहा

## गेहूं खरीद: एक महीने से सूने पड़े सरकारी क्रय केंद्र, बुधवार को मंडी समिति और बीसलपुर में खुला खाता

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** जिले में अभी तक सरकारी गेहूं खरीद रफ्तार नहीं पकड़ सकी है। करीब एक माह बाद बमुश्किल सरकारी खरीद का खाता खुल पाया। पिछले साल की तरह इस बार भी गेहूं खरीद धड़ाम होती दिखाई दे रही है। गेहूं की कटाई तेजी पकड़ने के बाद भी सरकारी सेंटर सूने पड़े हैं। सरकारी क्रय केंद्रों पर 2275 रुपये प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित हैं, जबकि आढ़तों पर 2300 के पार दाम मिल रहा है। ऐसे में किसान आढ़तों पर ही गेहूं बेचने में रुचि ले रहे हैं। एक माह बाद गेहूं खरीद की शुरुआत होने पर अफसरों का मानना है कि आने वाले दिनों में खरीद को रफ्तार बढ़ेगी। जिले में क्रय केंद्र खुलने के 34वें दिन गेहूं खरीद का श्रीगणेश हुआ। मंडी स्थित खाद्य विभाग के एक क्रय केंद्र पर 30 क्विंटल गेहूं की खरीद हुई है।

शासन द्वारा रबी विपणन वर्ष 2024-25 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के तहत इस बार पहली मार्च से गेहूं खरीद के निर्देश दिए गए थे। इसके लिए विभिन्न क्रय एजेंसियों के 145 केंद्र खोले गए, लेकिन एक माह दो दिन बीतने के बाद भी गेहूं खरीद शुरू नहीं हो सकी थी। अधिकारी इसके पीछे गेहूं कटाई में देरी होना वजह बता रहे हैं। अब कटाई शुरू होने के साथ मंडी में गेहूं की आवक शुरू हो गई है। बुधवार को मंडी में करीब 300 क्विंटल की आवक हुई। अधिकांश गेहूं में नमी पाई गई। गेहूं की मंडी में ही सचिव अशोक कुमार की देखरेख में केंद्र प्रभारी और व्यापारियों की मौजूदगी में मंडी निरीक्षक जहीर खां ने नीलामी कराई। गेहूं 2300 से लेकर 2341 रुपये प्रति क्विंटल की दर से व्यापारी द्वारा खरीदा गया। जबकि न्यूनतम समर्थन मूल्य 2275 रुपये घोषित हैं। इसके अलावा सरकारी क्रय केंद्र पर भी खरीद की शुरुआत हुई। मंडी समिति स्थित खाद्य विभाग के क्रय केंद्र पर 30 क्विंटल गेहूं खरीद होने के साथ ही सरकारी खरीद का भी खाता खुल गया। यह गेहूं रूपपुरकलां निवासी किसान सचिन कुमार द्वारा बिक्री किया गया। अधिकारियों के मुताबिक बीसलपुर स्थित मंडी में भी खरीद हुई है।

बता दें कि बीते दो साल से गेहूं खरीद की स्थिति लगाकर गिरती जा रही है। ऐसे में इस बार व्यवस्था को बेहतर बनाने पर शासन-प्रशासन जोर भी दे रहा है।



खाद्य विभाग के क्रय केंद्र पर खरीद के दौरान किसान को मिठाई खिलाते डिप्टी आरएमओ।



मंडी में नीलामी प्रक्रिया के दौरान मौजूद व्यापारी। ● अमृत विचार

- **एक मार्च से शुरू हुई थी गेहूं खरीद, डिप्टी आरएमओ बोले जल्द बढ़ेगी गेहूं खरीद की रफ्तार**

> जनपद में गेहूं की कटाई होने के साथ आवक भी शुरू हो चुकी है। पीलीभीत एवं बीसलपुर मंडी के क्रय केंद्रों पर 30-30 क्विंटल गेहूं खरीद की गई है।
>
> **- वीके शुक्ल**, डिप्टी आरएमओ

### खींचतान के चलते गेहूं लेकर चला गया किसान

तीन पूर्व भी मंडी में गेहूं की आवक हुई थी। बताते है कि एक किसान करीब 70 क्विंटल गेहूं लेकर मंडी में पहुंचा था। किसान गेहूं लेकर आढ़त पर पहुंचा। इस पर मंडी में गेहूं की आवक की जानकारी लगते ही डिप्टी आरएमओ भी पहुंच गए। गेहूं को लेकर खींचतान शुरू हो गई। सरकारी महकमा क्रय केंद्र तो वहीं व्यापारी अपनी आढ़त पर गेहूं ले जाने के लिए अड़ गया। खींचतान देख किसान अपना गेहूं लेकर मंडी से चला गया।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने वितरित कीं मतदाता पर्चियां

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** जिला निर्वाचन अधिकारी ने बुधवार को शहर में मतदाता पर्चियों का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से मतदान दिवस को त्योहार के रूप में मनाते हुए शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की।

पीलीभीत-बहेड़ी लोकसभा सीट पर प्रथम चरण के तहत 19 अप्रैल को मतदान होना है। इसको लेकर एक दिन पूर्व 18 लाख मतदाता पर्चियों को सभी पांचों विधानसभाओं में भेजा जा चुका है। इधर बुधवार को जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह ने शहर के सिविल लाइन साउथ एवं हनुमानगढ़ी के मतदाताओं को मतदाता पर्चियां वितरित की। इस दौरान उन्होंने लोगों को मतदान एवं वोट के महत्व को बताते हुए इस बार कालोनी में शत प्रतिशत मतदान कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी 19 अप्रैल को त्योहार की तरह मनाते हुए स्वयं मतदान करने के साथ पडोसी, मित्रों, रिश्तेदारों को भी मतदान के दिन बूथ तक ले जाकर मतदान कराएं। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतु पुनिया, एसडीएम देवेंद्र सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे।



मतदान पर्चियां वितरित करते जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह व अन्य।

# आओ सब मिलकर अलख जगाएं अबकी शत प्रतिशत मतदान कराएं

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचार:** लोगों को मतदान प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से बुधवार को स्कूली बच्चों ने नगर में रैली निकाली। नगर स्थित बीआरसी केंद्र परिसर से रैली शुरू हुई, जो नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए लौटकर बीआरसी केंद्र पर संपन्न हुई। रैली में शामिल रहे बच्चे अपने हाथों में विभिन्न स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर चल रहे थे।

लोगों से यह अपील की गई कि 19 अप्रैल को सभी काम छोड़कर सबसे पहले बूथ पर जाकर अपना वोट डालें। रैली में शामिल बच्चों ने आओ मिलकर अलख जगाए, शत प्रतिशत मतदान कराएं, डरने की क्या बात है, पुलिस प्रशासन साथ है, समेत स्लोगन बोलकर लोगों को जागरुक किया। पुलिस प्रशासन एवं शिक्षक भी शामिल हुए। रैली में कन्या जूनियर हाई स्कूल की छात्राओं के साथ ही नगर के सभी परिषदीय विद्यालयों के बच्चे भी शामिल हुए।

उधर, नगर के हैप्पी ब्लू वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में मतदाता जागरुकता अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधानाचार्य असीम कुमार जौहरी ने विद्यार्थियों को मतदान का महत्व समझाया व विद्यालय के अध्यापक वैभव ने विद्यार्थियों को मतदान करने के लिए लोगों को जागरूक करने की जिम्मेदारी दी। इस मौके पर प्रबंधक विक्रम नरेश जायसवाल ने भी विचार रखे।




बिलसंडा में मतदाता जागरूकता रैली निकालते बच्चे व शिक्षक। ● अमृत विचार

- **स्कूली बच्चों ने मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए रैली निकाली**

# फंदे पर लटकने से हुई थी हरदोई के युवक की मौत

**पीलीभीत, अमृत विचार:** मां पूर्णागिरि के दर्शन करके लौटे हरदोई के युवक ने फंदा लगाकर खुदकुशी की थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर इसकी पुष्टि हो सकी है। हालांकि सुसाइड की वजह सामने नहीं आई है। रेलवे स्टेशन से मालगोदाम रोड पर एक युवक का शव मंगलवार को फंदे से लटका मिला था। सूचना पर पहुंची सुनगढ़ी पुलिस ने शव नीचे उतारने के बाद पोस्टमार्टम कराया था। शव की शिनाख्त हरदोई जनपद के थाना दडियावां क्षेत्र के गांव अजीजपुर निवासी 35 वर्षीय श्रवण कुमार पुत्र शिशुपाल सिंह के रूप में हुई थी। वह दोस्तों के साथ मां पूर्णागिरि के दर्शन करने गया था, जो सोमवार को पीलीभीत लौटा था। रात में स्टेशन से गायब हो गया। इंस्पेक्टर सुनगढ़ी पवन पांडेय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में फंदे पर लटकने से मौत होने की पुष्टि हुई है। आत्महत्या के कारणों का पता लगाने को जांच चल रही है।

# सतर्कता: मेडिकल कॉलेज में बनेगा 20 बेड का स्पेशल वार्ड

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **सीएचसी में भी दस-दस बेड का वार्ड अलग से बनाया जाएगा**
- **डेंगू और मलेरिया के मरीजों को मिलेगा इलाज, मुस्तैद रहेगी टीम**

**अमृत विचार:** संचारी रोग अभियान एक अप्रैल से शुरू हो चुका है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें मच्छर जनित रोग से बचने के प्रति लोगों को जागरूक कर रही हैं। वहीं स्वास्थ्य विभाग के अफसरों ने डेंगू, मलेरिया से पीड़ित मरीजों को इलाज मुहैया कराने के लिए समस्त सरकारी अस्पतालों में अलर्ट जारी कर दिया है। मेडिकल कॉलेज में 20 बेड का डेंगू वार्ड बनाया जाएगा। वहीं, समस्त सीएचसी पर 10-10 बेड आरक्षित करने के निर्देश दिए गए हैं। ताकि मरीजों को हर संभव इलाज मिल सके।

जिले में बीते साल करीब 400 से अधिक डेंगू के केस सामने आए थे। इसके अलावा मलेरिया के केस भी मिले थे। डेंगू मलेरिया मरीज इस कदर थे कि सरकारी से लेकर निजी अस्पतालों की ओपीडी में मरीजों की भीड़ उमड़ी थी। वहीं कई लोगों की बुखार से मौत हो गई थी, हालांकि इन मौतों को सरकारी आंकड़ों में शामिल नहीं किया गया। अक्टूबर 2023 में तो प्रतिदिन 10 से 15 मरीज निकले थे। इनमें करीब पांच डेंगू के कंफर्म मरीज हुआ करते थे। डेंगू मरीजों की संख्या न बढ़ सके। इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग अबकी बार पहले से अलर्ट हो गया है। होली के बाद से बदले मौसम की वजह से मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में बुखार और वायरल के मरीज तेजी से बढ़े हैं। इसको लेकर मेडिकल कॉलेज में डेंगू मरीजों के लिए पहले ही 20 बेड आरक्षित होंगे। पुरुष अस्पताल के सीएमएस डॉ. संजीव सक्सेना ने बताया कि ओपीडी में आने वाले मरीजों में डेंगू का संदिग्ध मरीज लगने पर उसकी जांच कराने के लिए डॉक्टरों को हिदायत दी गई है। लैब में भी प्रतिदिन सैंपलिंग करने के लिए कहा गया है। ताकि रिपोर्ट में देरी न हो। अगर डेंगू मलेरिया का मरीज निकलता है, तो उसे वार्ड में भर्ती कर इलाज किया जाएगा।

उधर, सीएमओ डॉ. आलोक कुमार ने भी सीएचसी पूरनपुर, बीसलपुर, दियोरिया कला, बिलसंडा, बरखेड़ा, अमरिया, जहानाबाद समेत विभिन्न सीएचसी पर 10-10 बेड का डेंगू वार्ड बनाने के निर्देश दिए हैं। बुखार पीड़ितों की डेंगू जांच सीएचसी पर कार्ड से की जाएगी। रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर उसका नमूना एलाइजा जांच के लिए मेडिकल कॉलेज में भेजा जाएगा। कर्मचारियों की संबंधित वार्ड में ड्यूटी लगाई जाएगी।

# हम सब मिलकर मतदान करें अब नये युग का निर्माण करें




बाइक रैली को झंडी दिखाकर रवाना कराते जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह।

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **बाइक रैली निकालकर मतदान के लिए किया प्रेरित**

**अमृत विचार:** जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह के निर्देश पर बुधवार को माध्यमिक एवं बेसिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में कलेक्ट्रेट से बाइक रैली निकाली गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतु पूनिया ने मतदान के महत्व को बताया। कलेक्ट्रेट से शुरू होकर रैली गौहनिया चौराहा होते हुए गांधी स्टेडियम में जाकर संपन्न हुई। जहां डीआईओएस गिरजेश कुमार चौधरी ने मतदान की शपथ ग्रहण कराई। बीएसए अमित कुमार सिंह ने छात्र छात्राओं से कहा कि वह अपने परिजन व आसपास के लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें। जिला स्वीप कोऑर्डिनेटर शिक्षक इंतजार ख़ान ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए लोगों को जागरूक किया। लोकतंत्र की शक्ति मतदान, मतदान हमारा अधिकार है, आओ हम मतदान करें, एक नये युग का निर्माण करें..आदि नारे लगाए गए। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी मरौरी शिव शंकर मौर्या भी मौजूद रहे।

# नौ छुट्टा पशुओं को पकड़कर गोशाला भिजवाया

**पूरनपुर, अमृत विचार:** ब्लॉक की टीम ने बुधवार को नौ गोवंश पकड़कर गोशाला भिजवा दिए।

क्षेत्र में छुट्टा पशुओं का मुद्दा अक्सर गर्माता रहा है। किसान संगठन तहसील प्रशासन से मांग उठाते रहे हैं कि छुट्टा पशु फसलें तबाह कर रहे हैं। गन्ना, गेहूं और सरसों के खेत उजाड़ रहे हैं। करीब दो महीने पहले घुघचिहाई से करीब 30 पशुओं को पकड़कर कजरी निरंजनपुर गोशाला भेजा गया था। अब गेहूं की फसल तैयार है। पशु खेतों में फसलें बर्बाद कर रहे हैं। किसानों की शिकायतों पर खंड विकास अधिकारी अरुण कुमार सिंह ने नौ पशु पकड़वा कर गौशाला भेजे हैं। बीडीओ ने बताया कि पशुओं के संबंध में ग्रामीणों को भी जागरूक किया जा रहा है कि वे उन्हें छुट्टा न छोड़ें। सचिव भी इस पर नजर रखेंगे। पशु छोड़ने की शिकायत आती है तो उसे दिखाया जाएगा।

# प्रचार में भड़काऊ बयान न दें प्रत्याशी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** निर्वाचन आयोग की ओर से नामित प्रेक्षकों ने बुधवार को राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों व उम्मीदवारों के साथ बैठक की। इस दौरान प्रेक्षकों ने निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए।

गांधी सभागार में डीएम संजय कुमार सिंह एवं एसपी अविनाश पांडेय की अध्यक्षता में सामान्य प्रेक्षक प्रसन्ना रामास्वामी एवं प्रेक्षक बी राजा कुमारी ने राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों एवं उम्मीदवारों के साथ बैठक की। प्रेक्षकों ने राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्वाचन प्रक्रिया की शुद्धता बनाए रखने के लिए सभी सुनिश्चित करें कि निर्वाचन के दौरान निर्धारित धनराशि से अधिक खर्च न करें। इस दौरान प्रेक्षक ने कहा कि कोई भी उम्मीदवार प्रचार के दौरान भड़काऊ बयान न दें। प्रचार के दौरान निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन करते हुए प्रचार सामग्री का प्रयोग किया जाए।

सभी राजनीतिक दल पोस्टर-बैनर, पंपलेट में किसी भी धर्म, जाति से संबंधित किसी भी प्रकार का उल्लंघन न करें। इस दौरान प्रेक्षकों ने पदाधिकारियों एवं प्रत्याशियों से चुनाव संबंधी शंका एवं समस्याओं के बारे में जानकारी ली और उनके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। प्रेक्षकों ने कहा कि चुनाव के दौरान यदि किसी को किसी प्रकार की समस्या या शंका हो तो उनके मोबाइल नंबरों पर संपर्क कर सकते है।

बैठक में राजनीतिक दलों के पदाधिकारी, उम्मीदवार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतु पुनिया, एसडीएम देवेंद्र सिंह, सिटी मजिट्रेट विजय वर्धन तोमर आदि मौजूद रहे।



गांधी सभागार में राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों व उम्मीदवारों संग बैठक करते प्रेक्षक।

- **नामित प्रेक्षकों ने राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों व उम्मीदवारों के साथ की बैठक, दिए निर्देश**

# पहले छलकाए जाम, फिर बस पर किया था पथराव

संवाददाता, पूरनपुर

- **श्रद्धालुओं से भरी बस पर पथराव करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने दबोचा**

**अमृत विचार:** पूर्णागिरि से मोहम्मदी जा रही श्रद्धालुओं से भरी बस पर पथराव करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। तीनों ने पहले ठेके पर शराब पी थी और फिर जाकर बस पर पथराव किया। आरोपियों ने शराब के नशे में पथराव करने की बात कबूल की।

मंगलवार शाम करीब 40 श्रद्धालुओं से भरी एक बस पूर्णागिरि से मोहम्मदी जा रही थी। पूरनपुर बंडा रोड पर लकुटिहाई गांव के पास कुछ युवकों ने बस पर पथराव किया था। इसमें बस चालक रामलड़ैते, तपन सरकार और सुखदेव घायल हो गए थे। पुलिस ने बस चालक की ओर से अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। बुधवार को पुलिस ने पथराव करने वाले तीन आरोपियों को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपी श्री कृष्ण पुत्र रामकुमार, लालाराम पुत्र मुन्नालाल निवासी नारायणपुर ताल्लुके घुंघचाई और सुनील पुत्र राममूर्ति निवासी दिलावरपुर हैं। पुलिस के मुताबिक तीनों आरोपियों ने लुकटिहाई गांव के पास स्थित देसी शराब के ठेके पर पहले शराब पी। उसके बाद शाहजहांपुर जाने के लिए बस को रोकने का प्रयास किया। चालक के बस नहीं रोकी तो तीनों ने पत्थर फेंके। पुलिस ने तीनों आरोपियों का शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि बस पर पत्थर फेंकने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया था। बस रोकने के लिए नशे की हालत में तीनों ने पत्थर चलाए थे।

आवश्यकता है
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित अमृत विचार को
रिपोर्टर /सब एडिटर/सीनियर सब एडिटर की
न्यूनतम योग्यता:- स्नातक
मुख्यधारा के अखबार में कम से कम 3 से 5 वर्ष काम करने का अनुभव
वेतन :- योग्यता अनुसार
बायोडाटा भेजें:-
hr@amritvichar.com 8476006584, 9518031113
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# उत्तराखंड सीमा पर चला चेकिंग अभियान



मझोला में वाहन चेक करती टीम। ● अमृत विचार

**मझोला, अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट है। टीमें बनाकर सीमावर्ती इलाकों में वाहन चेकिंग कराई जा रही है। बुधवार को पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीमों ने चेकिंग की। उत्तराखंड सीमा से सटे कस्बा मझोला में दिन भर वाहनों को रोक तलाशी ली गई। बिना चेकिंग किसी को प्रवेश नहीं दिया गया। अस्थाई बंकर बनाकर गार्ड भी तैनात कर दिए हैं। मझोला चौकी इंचार्ज दीपचंद ने बताया कि दूसरे राज्य से जिले में आने जाने वाले लोगों की चेकिंग की जा रही है। संदिग्ध होने पर पूछताछ भी कर रहे हैं।

# नगर पालिका ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार:** नगर में बुधवार को अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान दुकानदारों और नगर पालिका कर्मचारियों के बीच नोकझोंक हुई। अतिक्रमणकारियों से जुर्माना भी वसूला गया। दुकानों के बाहर लगे फ्लैक्स और होर्डिंग्स जब्त कर लिए गए। अभियान के दौरान दुकानदारों में खलबली मची रही।

नगर की सड़कों पर लंबे समय से अतिक्रमण है। कहीं नाले के ऊपर दुकान सजा दी गई है तो बेतरतीब पार्किंग से जाम लगता है। राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार अधिकारियों से शिकायतें भी की गई। जिसके बाद अब असर दिखा। बुधवार को नगरपालिका ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। तहसील के पास से शुरू हुए अभियान में नाला के ऊपर रखे खोखे हटवाए गए। दुकानों के बाहर सड़कों पर रखा सामान भी हटवाया गया। कोतवाली रोड पर एक अस्पताल के बाहर खड़ी कई बाइक और कार का चालान किया गया। वाहनों के सड़कों पर खड़े होने से आवागमन प्रभावित हो रहा था। अतिक्रमण करने वालों को से जुर्माना भी वसूला गया। सिरसा चौराहे पर एक होटल की होर्डिंग्स जब्त कर दो हजार का जुर्माना लगाया गया। सब्जी और फलों के ठेले भी हटवाए गए। इसके अलावा स्टेशन रोड पर रखा सामान हटाया गया। इस दौरान 21600 रुपये जुर्माना वसूला गया। शेरपुर रेलवे क्रासिंग तक सड़क को नगर पालिका ने अतिक्रमण मुक्त कराया। अभियान को लेकर खलबली मची रही।

इस मौके पर नायब तहसीलदार ऋषिकांत दीक्षित, कस्बा चौकी इंचार्ज प्रद्युमन कुमार, ईओ केके सोनकर आदि मौजूद रहे। ईओ ने बताया कि गुरुवार को बुलडोजर के साथ माधोटांडा रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा।



सड़क पर बेतरतीब खड़े वाहनों का चालान करती पुलिस। ● अमृत विचार

- **नाले के ऊपर रखा सामान हटवाने के साथ जुर्माना भी वसूला, वाहनों के चालान किए**


Video Recto Scope
The Ano-Rectal Clinic
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज
क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ www.anorectalclinic.com 7388913338, 8005423919




रमज़ान मुबारक
चौबीसवां रोज़ा इफ्तार 04 अप्रैल 2024
सुन्नी - 06:35 बजे
शिया - 06:41 बजे
पच्चीसवां रोज़ा सहरी 05 अप्रैल 2024
सुन्नी - 04:31 बजे
शिया - 04:25 बजे
नोट:- सहरी व इफ्तार में क्षेत्रवार समय में परिवर्तन हो सकता है।
केजीएन ब्रिक फील्ड, देवीपुरा
नफीस अहमद
मो. 9412433389



शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877


# मोमिनगंज में उतरेगा प्रधानमंत्री का उड़न खटोला, प्रशासन अलर्ट

## नौ अप्रैल को ड्रमंड कॉलेज में जनसभा कराने की तैयारी में जुटे भाजपाई, दिनभर भाग-दौड़ के बाद अधिकारियों ने मोमिनगंज में हेलीपैड बनाने का लिया निर्णय

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में भाजपा ने पीलीभीत सीट पर टिकट में किए बदलाव के बाद प्रचार-प्रसार का तरीका भी बदलता दिखाई दे रहा है। मेनका गांधी और वरुण गांधी के प्रत्याशी रहते हुए स्टार प्रचारकों की आवाजाही नहीं होती थी। मगर इस बार वरुण गांधी का टिकट काटकर कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद को पीलीभीत से भाजपा का प्रत्याशी घोषित करने से यहां स्टार प्रचारकों और शीर्ष नेताओं की आवाजाही लगी है। दो अप्रैल को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रबुद्ध सम्मेलन करने पीलीभीत आए थे। अब नौ अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसभा की तैयारी है। भाजपाई इसे ऐतिहासिक सभा बनाने की तैयारी में जुटे हैं। वहीं, जनपद में पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आने को लेकर प्रशासनिक अमला भी टेंशन में है। बुधवार को हेलीपैड के लिए जगह चिह्नित करने, प्रधानमंत्री की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर मंथन चलता रहा। हैलीपैड बनाने को लेकर अफसर दौड़-भाग करते रहे।

भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद के लिए जनसभा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नौ अप्रैल को पीलीभीत आएंगे। इसकी घोषणा दो अप्रैल को प्रबुद्ध सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कर दी थी। प्रधानमंत्री के यहां आने का कार्यक्रम अब लगभग पक्का माना जा रहा है। चूंकि प्रधानमंत्री मोदी की पीलीभीत में पहले जनसभा है। इसलिए भाजपाई जनसभा में भारी भीड़ जुटने की कोशिश में हैं। शहर के ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज को जनसभा के लिए चुना गया है। आचार संहिता लागू होने से जनसभा की व्यवस्था संगठन के स्तर से की जाएगी। मगर प्रधानमंत्री की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था समेत कई इंतजामों को लेकर पुलिस प्रशासनिक अमला टेंशन में है। मंगलवार रात जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह ने पीडब्ल्यूडी और पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक की। दूसरे दिन बुधवार को भी अफसर दौड़-भाग में लगे रहे। ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज पहुंचकर मुआयना किया। टेंट के सामान से लदी गाड़ियां भी वहां पहुंचना शुरू हो गई हैं। प्रधानमंत्री के आगमन पर तीन हेलीकॉप्टर मंगाए गए हैं, जिनके लिए एक ही स्थान पर तीन हेलीपैड बनाए जाने हैं। इसके लिए जगह को चिह्नित करने के लिए प्रशासन को काफी दौड़ भाग करने पड़ी। हालांकि दोपहर बाद शहर से सटे मोमिनगंज गांव में एक स्थान चिह्नित किया गया है। अब वहां पर तीन हेलीपैड बनवाए जाएंगे। इसके अलावा साफ सफाई समेत अन्य काम भी कराए जाएंगे। इसके लिए टीमों को जिम्मेदारी दे दी गई है। सुरक्षा को लेकर सख्त इंतजाम किए जा रहे हैं। इस जनसभा में भारी संख्या में भीड़ पहुंच सके, इसके लिए भाजपाई वाहनों की भी व्यवस्था कर रहे हैं। सर्वाधिक मंथन यातायात व्यवस्था बनाने को लेकर चल रहा है।


शहर से सटे मोमिनगंज गांव में हेलीपैड बनाने के लिए जगह चिह्नित करते कर्मचारी।

- **सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर पुलिस-प्रशासन में चल रहा मंथन**

> प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर सुरक्षा एवं अन्य तैयारियां की जा रही हैं। हेलीपैड के लिए मोमिनगंज गांव में एक जगह चिह्नित की गई है। वहीं पर तीन हेलीपैड बनवाए जाएंगे।
> **-विजय वर्धन तोमर**, सिटी मजिस्ट्रेट


प्रधानमंत्री की जनसभा को लेकर ड्रमंड कॉलेज में पुलिस व खुफिया एजेंसियों के कर्मचारी।

### मुख्यमंत्री योगी समेत कई बड़े नेताओं के एक दिन पहले आने की उम्मीद

प्रधानमंत्री की जनसभा की तैयारियों के बीच ये भी उम्मीद जताई जा रही है कि इस जनसभा में शामिल होने के लिए एक दिन पहले ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी समेत कई बड़े नेता यहां पहुंच सकते हैं। इसे लेकर तैयारी की जा रही है। पीलीभीत में लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए प्रधानमंत्री का आगमन इससे पूर्व 2014 में हुआ था। कांग्रेस प्रत्याशी के प्रचार के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह पूरनपुर आए थे और असम चौराहा के पास एक मैदान में जनसभा की थी।

## सदर विधानसभा क्षेत्र से लगेंगी 250 बसें, 500 कार व दो हजार बाइक

**पीलीभीत, अमृत विचार:** भाजपा के लोकसभा चुनाव को लेकर बनाए गए कलस्टर इंचार्ज पूर्व मंत्री सुरेश राणा पीलीभीत में डेरा जमाए हुए हैं। बुधवार को राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के जन सहयोग कार्यालय पर बैठक की गई। जिसमें नौ अप्रैल को ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज मैदान में होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा को लेकर क्षेत्र के प्रमुख जनप्रतिनिधियों के संग बैठक कर दायित्व सौंपा गया। विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर एवं मंडल प्रभारियों को अधिक से अधिक लोगों को जनसभा स्थल पर पहुंचने के लिए प्रेरित करने की जिम्मेदारी दी गई।


गन्ना राज्यमंत्री के जन सहयोग कार्यालय पर बैठक करते कलस्टर इंचार्ज सुरेश राणा।

चुनाव प्रबंधन का कार्य देख रहे पूर्व ब्रज क्षेत्र उपाध्यक्ष विजय सिंह गंगवार ने विधानसभा क्षेत्र के मंडल एवं सेक्टर प्रभारियों को जनसभा के लिए ग्रामीण क्षेत्रों से लोगों को पहुंचाने के लिए व्यवस्था करने का दायित्व सौंपा है। उन्होंने बताया कि अमरिया, मरौरी, ललौरीखेड़ा ब्लॉक से करीब 250 बसों की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा 500 कार और दो हजार बाइक से कार्यकर्ता जनसभा स्थल तक पहुंचेंगे। जनसभा को वृहद स्तर पर सफल बनाने के लिए मरौरी ब्लाक प्रमुख सभ्यता वर्मा, ललौरीखेड़ा ब्लाक प्रमुख अजय सिंह गंगवार एवं अमरिया ब्लॉक प्रमुख निशान सिंह को क्षेत्रवार दायित्व सौंपा गया है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, एमएलसी डा. सुधीर गुप्ता, लोकसभा संयोजक दीपक अग्रवाल, लोकसभा मीडिया प्रभारी धीरेंद्र मिश्र एडवोकेट, नगर अध्यक्ष विकास श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

- **राज्यमंत्री के जन सहयोग कार्यालय पर कार्यक्रम को लेकर कलस्टर इंचार्ज ने की बैठक**

## पीटीआर में जल्द शुरू होगी बाघ गणना

**पीलीभीत, अमृत विचार:** पीलीभीत टाइगर रिजर्व में जल्द ही फेज चार के तहत बाघ गणना होगी। इसको लेकर तैयारी शुरू हो गई है।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व में वर्तमान में 71 से अधिक बाघ है। एनटीसीए के निर्देश पर देश के सभी टाइगर रिजर्वों में हर चार साल बाद बाघ गणना कराई जाती है। वहीं स्थानीय स्तर पर टाइगर रिजर्व प्रशासन द्वारा हर साल फेज चार के तहत बाघ गणना का प्रावधान है, मगर संसाधनों की कमी के चलते यह बाघ गणना प्रतिवर्ष न होकर अमूमन दो साल में कराई जा रही है। इधर, पीटीआर प्रशासन ने फेज चार की बाघ गणना को लेकर तैयारियां शुरू की गई है। वन अफसरों के मुताबिक बाघ गणना से पूर्व कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने बताया कि बाघ गणना को लेकर प्लानिंग की जा रही है।

## कल से शुरू होगा पोस्टल बैलेट मतदान 21 पोलिंग पार्टियां गठित, घर-घर जाएंगी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव को लेकर दिव्यांग और 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग मतदाता पांच अप्रैल से पोस्टल बैलेट से मतदान करेंगे। इसको लेकर 21 पोलिंग पार्टियां गठित की गई है। निष्पक्ष चुनाव को लेकर 8 सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है।

पीलीभीत लोकसभा सीट पर प्रथम चरण के तहत 19 अप्रैल को मतदान होगा। निर्वाचन आयोग द्वारा इस बार दिव्यांग एवं 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग मतदाताओं को घर बैठे मतदान के लिए पोस्टल बैलेट की सुविधा दी जा रही है। आयोग के निर्देशानुसार पोस्टल बैलेट से मतदान कराने की प्रक्रिया पांच से आठ अप्रैल के बीच संपन्न कराई जाएगी। इसको लेकर 21 पोलिंग पार्टियों का गठन किया गया। इसके साथ ही विधानसभा बार 18 सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। एक पोलिंग पार्टी के साथ एक सेक्टर मजिस्ट्रेट की मौजूदगी रहेगी। प्रत्येक पोलिंग पार्टी के साथ एक माइक्रो प्रेक्षक, कैमरामैन और पुलिसकर्मी भी मौजूद रहेंगे।

- **दिव्यांग और 85 प्लस के 820 मतदाता करेंगे मतदान, आठ अप्रैल तक चलेगी प्रक्रिया**

**विधानसभा वार दिव्यांग एवं 85 प्लस मतदाताओं की स्थिति**

| विधानसभा | मतदाताओं की संख्या |
|---|---|
| पीलीभीत | 162 |
| पूरनपुर | 67 |
| बीसलपुर | 209 |
| बरखेड़ा | 167 |
| बहेडी | 215 |

> निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पांच अप्रैल से पोस्टल बैलेट से मतदान प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसको लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी है। पोलिंग पार्टियां गठित कर दी गई है। कुल 820 मतदाता हैं।
> **-ऋतु पुनिया**, उप जिला निर्वाचन अधिकारी

## पैरामिलेट्री के हवाले रहेंगे संवेदनशील बूथ

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर संवेदनशील और अतिसंवेदनशील बूथ चिह्नित कर लिए गए हैं। जिले में 567 संवेदनशील व अतिसंवेदनशील बूथ हैं। मतदान वाले दिन इन बूथों पर पुलिस बल के अलावा पैरामिलिट्री फोर्स तैनात रहेगा। इसको लेकर तैयारियां शुरु कर दी गई है। पुलिस ने पैरामिलिट्री फोर्स के साथ संवेदनशील इलाकों में रूट मार्च शुरु कर दिया है। ताकि वहां की स्थिति का पहले से आंकलन किया जा सके।

लोकसभा चुनाव को लेकर जिले में मतदान पहले चरण में 19 अप्रैल को होना है। निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए पुलिस और प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। बूथों का निर्धारण करने के बाद विधानसभा बार संवेदनशील और अतिसंवेदनशील बूथों को भी चिन्हित किया जा चुका है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार बहेड़ी समेत पांच विधानसभा क्षेत्रों में 1242 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इन मतदान केंद्रों में 1924 बूथ हैं। जहां 18 लाख 31 हजार 699 मतदाता मतदान करेंगे। जिनमें 567 मतदान केंद्रों को अति संवेदनशील और संवेदनशील चिन्हित किया है। जिसमें सदर विधानसभा में 61 बूथ संवेदनशील और 21 अतिसंवेदनशील चिन्हित किए गए हैं। इसी तरह बरखेड़ा विधानसभा में 148 संवेदनशील, 7 अतिसंवेदनशील, पूरनपुर विधानसभा में 166 संवेदनशील और 15 अतिसंवेदनशील, बीसलपुर में 40 संवेदनशील और 08 अतिसंवेदनशील बूथों को चिन्हित किया गया है। इसके अलावा बहेड़ी क्षेत्र में 101 संवेदनशील को चिन्हित किया है। जबकि अतिसंवेदनशील की संख्या शून्य है। इन बूथों पर पुलिस के अलावा पैरामिलिट्री फोर्स तैनात रहेगा। एक बूथ पर कम से कम पांच से अधिक पैरामैलिट्री फोर्स के जवान तैनात रहेंगे। इनके साथ में होमगार्ड और पीएसी भी रहेगी। साथ ही इन बूथों पर सीसीटीवी कैमरे भी लगवाए जाएंगे। ताकि किसी तरह की खुराफात न हो सके। इसको लेकर जिले के पुलिस अफसरों ने फोर्स डिमांड भेजना शुरु कर दी है। एसएसबी के साथ पुलिस संयुक्त गश्त करते हुए इन बूथों व आसपास के क्षेत्र की जानकारी भी जुटा रही है।

- **जिले के 516 बूथ संवेदनशील और 51 अति संवेदनशील**

> अतिसंवेदनशील और संवेदनशील बूथों को चिन्हित किया जा चुका है। इन बूथों पर पीएसी, पुलिस के साथ ही पैरामिलिट्री फोर्स तैनात रहेगा। ताकि किसी तरह की खुराफात न होने पाए। खुराफात करने की आशंका पर लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई भी चल रही है। फोर्स की डिमांड की गई है।
> **– विक्रम दाहिया**, एएसपी


जनसभा को संबोधित करते केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा। ● अमृत विचार

### केंद्रीय राज्यमंत्री ने पूरनुपर क्षेत्र में की सभाएं

**पीलीभीत।** केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा बुधवार को पीलीभीत पहुंचे और भाजपा प्रत्याशी के जितिन प्रसाद के समर्थन में सभाएं कीं। सिमरिया, लाह, महादिया, दोदपुर आदि गांवों में हुई सभा में उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय हित में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार को जिताएं। सभी लोगों को जनसभा में पहुंचकर प्रधानमंत्री के विचारों को सुनना है। इस मौके पर पूर्व विधायक किशनलाल राजपूत, जिला उपाध्यक्ष तुलाराम लोधी, जिला मीडिया प्रभारी स्वतंत्र देवल आदि मौजूद रहे।

## वीटीआर एप पर दिखेगा रुझान, जान सकेंगे कितना हुआ मतदान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** मतदान का रुझान वोटर टर्न आउट रेशियो (वीटीआर) एप पर नजर आएगा। इसके माध्यम से किसी भी मतदान केंद्र का रुझान पता किया जा सकेगा। मतदान के दिन मतदान कर्मी हर दो घंटे में वोटिंग का डाटा फीड करेंगे। इसके लिए मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

लोकसभा चुनाव लगातार हाईटेक होता जा रहा है। निर्वाचन आयोग ने चुनाव को हाईटेक करते हुए कई तरह के एप विकसित किए हैं। इसको लेकर आयोग की ओर से एक ओर जहां प्रत्याशियों, मतदाताओं आदि की सुविधा को लेकर एप विकसित किए गए हैं, वहीं दूसरी ओर आयोग की ओर से मतदान का रुझान जानने के लिए भी वोटर टर्नआउट रेशियो एप विकसित किया है। इस एप के माध्यम से लोग किसी भी मतदान केंद्र या फिर जिले का मतदान प्रतिशत जान सकेंगे। यह एप मतदान कार्मिकों के मोबाइल फोन पर इंस्टॉल कराया जाएगा। मतदान केंद्रों पर मौजूद मतदान कार्मिक कितने वोट पड़ चुके हैं, इसको डाटा हर दो घंटे में इस एप पर फीड करेंगे। वीटीआर एप का आम लोग भी प्ले स्टोर में जाकर इंस्टाल कर सकते हैं। मतदान के दिन इस एप का इस्तेमाल किया जा सकेगा। लोकसभा चुनाव को लेकर चल रहे मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण के दौरान मतदान कर्मियों को वीटीआर एप के संचालन एवं डाटा फीडिंग की जानकारी दी जा रही है। सीडीओ धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि वोटर टर्नआउट रेशियो एप में डाटा फीडिंग को लेकर मतदान कर्मियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

- **मतदान वाले दिन मतदानकर्मी हर दो घंटे में करेंगे डाटा फीडिंग**
- **प्रशिक्षण के दौरान मतदान कर्मियों को किया जा रहा प्रशिक्षित**

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन होगा ऐतिहासिक : जितिन प्रसाद


सभा को संबोधित करते भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** भाजपा प्रत्याशी/कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद ने बुधवार को संसदीय क्षेत्र की बहेड़ी विधानसभा में नुक्कड़ सभाएं कीं। शाहपुर डांडी, गिरधरपुर, आदलपुर, नवायल, बरगवां मवईजरैल, कुतकपुर, कनकपुरी, ढकिया ठकुरान, मानपुर, टेहरा, भोजपुर, सियाठेरी, बुझिया, बंजरिया, गुरसौली गांव के अलावा शहर में छतरी चौराहा के पास भी सभा की। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को ऐतिहासिक बनाने पर जोर दिया।

जितिन प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नौ अप्रैल को जनपद आगमन पर भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत करने के लिए लोग लालायित हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समाज के सभी लोगों को एक साथ विकास के मार्ग पर आगे बढ़ाया है। महिलाएं खुद को सुरक्षित महसूस करती हैं और निर्भीक होकर किसी भी समय आ जा सकती हैं। वहीं, नौजवान साथियों का भविष्य भी मोदी के संरक्षण में उज्ज्वल है। उन्होंने कहा कि आज रोज़गार के लिए नौजवानों को इधर-उधर भटकना नहीं पड़ता है। विभिन्न रोजगार परक योजनाओं में रोजगार की गारंटी है। अपने घर के नजदीक ही रोज़गार उलब्ध होता है। जिससे वह रोजगार के साथ-साथ अपने परिवार की भी देखभाल अच्छे से कर पाते हैं।

लोकसभा चुनाव

सपा प्रत्याशी भगवत सरन गंगवार चुनावी सभाओं में कुर्मी मतदाताओं को साधने की कर रहे भरपूर कोशिश

# कुर्मी कार्ड खेल रहे सपाई, भाजपा के दिग्गजों की मुश्किल बढ़ाई

सुनील यादव, पीलीभीत

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में पीलीभीत सीट पर मतदान 19 अप्रैल को होना है। मुस्लिम मतदाताओं को साधने के लिए सपा और बसपा दोनों ही दलों में होड़ मची हुई है। वहीं, ओबीसी, खासकर कुर्मी वोट बैंक को अपने पक्ष में लाने के लिए भाजपा और सपा दोनों की नजर है। चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले इस वोट बैंक पर पूरा जोर लगा दिया गया है। समाजवादी पार्टी (गठबंधन) प्रत्याशी अपनी चुनावी सभाओं में खुलकर बोल रहे हैं। वहीं, भाजपा के पास इसी बिरादरी के तीन दिग्गज हैं। जिन्हें कुर्मी वोट बैंक में सेंध रोकने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। ऐसे में उनकी चुनौतियां बढ़ती दिखाई दे रही हैं।

पीलीभीत सीट पर मतदान में महज पंद्रह दिन बाकी है। भारतीय जनता पार्टी इस सीट पर पहले के मुकाबले अधिक मतों के अंतर से अपने प्रत्याशी कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद को जीत दिलाने के लिए पूरी ताकत झोंक रही है। दो अप्रैल को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रबुद्ध सम्मेलन कर चुके हैं। अब नौ अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनसभा करने आ आएंगे। इससे पहले गृहमंत्री अमित शाह के आने की उम्मीद जताई जा रही है। इसके अलावा केंद्र व प्रदेश सरकार के तमाम मंत्री, संगठन के शीर्ष नेता डेरा जमाए हुए हैं।

उधर, समाजवादी पार्टी मुस्लिम के साथ ही कुर्मी वोट बैंक में सेंध लगाने की तैयारी में लगी हुई है। इसीलिए सपा ने पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार को अपना प्रत्याशी बनाया है। गठबंधन के अन्य दल भी उन्हें ही चुनाव लड़ा रहे हैं। जबकि बसपा से पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू चुनाव मैदान में हैं। दरअसल तराई की सियासत में कुर्मी वोट बैंक की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। यही वजह है कि सपा का कुर्मी वोटर पर फोकस बढ़ता जा रहा है। उधर, भाजपा भी इस वोट बैंक को साधने में लगी है। माना जा रहा है कि मुस्लिम और कुर्मी वोटर्स को अगर समाजवादी ने साध लिया तो कहीं न कहीं भाजपा की चुनौती बढ़ेगी। हालांकि सपा की मुश्किलें भी कम नहीं है। कुर्मी मतदाता पर नजर रखने के साथ ही उसे मुस्लिम मतदाओं को भी साधकर रखना होगा। ये इसलिए चुनौती भरा है, चूंकि बसपा से पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू प्रत्याशी हैं। वह बाहरी प्रत्याशी के मुद्दे पर भाजपा और समाजवादी पार्टी दोनों को घेर रहे हैं। समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी कुर्मी बिरादरी से हैं। वह अपनी सभाओं में खुले तौर पर कुर्मी कार्ड खेलते दिखाई दे रहे हैं। बहेड़ी समेत कई जगह हुई सभाओं में उन्होंने कुर्मी मतदाताओं का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने के लिए जोर लगाया।

लगातार संपर्क करने में भी जुटे हुए हैं। ऐसे में कुर्मी वोट बैंक पर राजनीतिक दलों में लड़ाई सी छिड़ती दिखाई दे रही है। हालांकि भाजपा के पास स्थानीय स्तर पर कुर्मी वोट बैंक को साधने के लिए कई दिग्गज हैं। योगी सरकार में राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार सदर विधानसभा सीट से लगातार दूसरी बार विधायक हैं। पीसीयू के सभापति सुरेश गंगवार भी पीलीभीत से ही हैं, जो भाजपा के जिलाध्यक्ष भी रहे हैं। इसके अलावा सत्यपाल गंगवार जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन हैं। जातीय समीकरण को साधने और कुर्मी वोट बैंक का रुख भाजपा की तरफ मोड़ने के लिए इनकी जिम्मेदारी बढ़ गई है। चूंकि तीनों ही जिम्मेदार पदों पर हैं। जनपद की राजनीति में सक्रियता के साथ ही कुर्मी वोटबैंक पर इनकी खासी पकड़ मानी जाती है। ऐसे में अब कितना लाभ भाजपा प्रत्याशी को दिलाने में सफल होते हैं, ये उनके लिए चुनावी मैदान में खुद न होकर भी परीक्षा से कम नहीं है।

- **जातिगत मतदाताओं में सेंध रोकने को भाजपा के पास तीन दिग्गज संजय, सुरेश और सत्यपाल**

### पहले भी कुर्मी प्रत्याशी उतार चुकी है सपा

समाजवादी पार्टी की ओर से पहले भी कुर्मी प्रत्याशी लोकसभा चुनाव में उतारा जा चुका है। 2004 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के टिकट पर मेनका गांधी चुनाव मैदान में थी। उस वक्त समाजवादी पार्टी से सत्यपाल गंगवार चुनाव लड़े थे। मेनका गांधी ने 102720 वोट से जीत दर्ज की थी। भाजपा में रहते चुनाव लड़ते हुए मेनका और वरुण गांधी की ओर से जीते चुनावों में जीत का सबसे कम अंतर इसी चुनाव में रहा था। इसके अलावा 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा ने सदर सीट पर कुर्मी बिरादरी से जुड़ा प्रत्याशी उतारा। जिसमें कांटे की टक्कर हुई थी। हालांकि जीत भाजपा प्रत्याशी की हुई।

### एसपी के आदेश पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

**बिलसंडा।** एसपी के आदेश पर थाना पुलिस ने पति समेत छह लोगों पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज की है। गांव बेहटी निवासी हरिद्वारी लाल की पुत्री रीमा देवी ने बताया कि उसकी शादी दो जून 2023 को शाहजहांपुर के थाना गढ़िया रंगीन के गांव रसूलपुर निवासी पंकज कुमार से हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद ही ससुराल वाले दहेज में दो लाख रुपये और कार की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर उसे प्रताड़ित करने लगे। आरोप है कि 21 जनवरी 2024 को ससुरालियों ने मारपीट की और फिर मायके छोड़ गए। गर्भवती होने की वजह से पिटाई से उसकी हालत बिगड़ गई, जिसके बाद उसे पीलीभीत के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां मृत बच्चा पैदा हुआ। पुलिस ने इस मामले में पति पंकज कुमार, विजयपाल, सुनीता देवी, रामसनेही समेत छह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

